प्रश्नों की कुल संख्या-12 रोल नं. [ ]

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

# विज्ञान

## कक्षा-8, सेट-F

**समय- 3 घंटे** **पूर्णांक - 90**

**निर्देश- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए-** (5)

(अ) पानी से भरे कप में पड़ा सिक्का ऊपर उठा दिखाई देने का कारण है-

a2zSubjects.com

(i) प्रकाश का अपवर्तन (ii) प्रकाश का परावर्तन

(iii) प्रकाश की चकाचौंध (iv) प्रकाश का वर्ण विक्षेपण

(ब) एल.पी.जी. में पाई जाने वाली मुख्य गैस है-

(i) ब्यूटेन (ii) मीथेन

(iii) हाइड्रोजन (iv) ऑक्सीजन

(स) न्यूट्रॉन की खोज की-

(i) कणाद (ii) चैडविक

(iii) डाल्टन (iv) रदरफोर्ड

(द) जलीय दस्त होना निम्नलिखित रोग का लक्षण है-

(i) जुकाम (ii) हैजा

(iii) टायफाइड (iv) चेचक

(इ) कॉपर सल्फेट विलयन में कील (Fe) डालने पर विलयन का रंग हो जाता है -

(i) हरे से नीला (ii) नीले से पीला

(iii) पीले से नीला (iv) नीले से हरा



**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-** (4)

(अ) अम्ल और क्षार की क्रिया से .................. और पानी बनता है।

(ब) स्वर्ण शैवाल को ............... भी कहते हैं।

(स) कृत्रिम रूप से पौधों को पानी देना ............... कहलाता है।

(द) भूकम्प एक .................... आपदा है।

**प्रश्न 3. अति लघु उत्तरीय प्रश्न -** (18)

(अ) किसी तत्व के नाभिक में 11 प्रोट्रॉन एवं 12 न्यूट्रॉन पाए जाते हैं। इस तत्व की परमाणु संख्या एवं परमाणु भार लिखिए।

(ब) सूक्ष्म जीवों से होने वाले लाभ एवं हानियाँ लिखिए।

(स) ग्रह तथा तारों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(द) निम्न रोगों के लक्षण लिखिए-
जुकाम, दस्त (डायरिया), छोटी माता (चिकन पॉक्स)

(इ) किन्हीं तीन चुम्बकीय पदार्थों के नाम लिखिए।

(फ) धन आयन व ऋण आयन क्या होते हैं?

**प्रश्न 4. लघु उत्तरीय प्रश्न -** (15)

(अ) सोलर कुकर में समतल दर्पण का क्या कार्य है? सोलर कुकर को भीतर से काला क्यों बनाया जाता है?

(ब) हीरे तथा ग्रेफाइट के उपयोग लिखिए।

(स) नाइट्रोजन के पाँच उपयोग लिखिए।

**विकल्प वाले लघु उत्तरीय प्रश्न -**

प्रश्न 5. मधुमक्खी पालन क्या है? शुद्ध शहद की पहचान कैसे करेंगे? (5)

**अथवा**

बुआई क्या है? इसकी विधियाँ लिखिए। बुआई के प्रमुख यंत्रों के नाम लिखिए।

प्रश्न 6. पारिस्थितिक तंत्र क्या है? पारिस्थितिक तन्त्र के अजैविक घटक कौन-कौन से होते हैं? (5)

**अथवा**

निम्न पर टिप्पणी लिखिए।

(i) खाद्य श्रृंखला (ii) खाद्य जाल

प्रश्न 7. पादप कोशिका का नामांकित चित्र बनाइए। (5)

**अथवा**

जंतु कोशिका का नामांकित चित्र बनाइए।

प्रश्न 8. रासायनिक अभिक्रियाओं के कौन-कौन से प्रकार हैं? किसी एक की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। (5)

**अथवा**

रासायनिक अभिक्रियाओं के पाँच अभिलक्षण लिखिए।

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न-**

प्रश्न 9. जल प्रदूषण किसे कहते हैं? जल प्रदूषण नियंत्रण करने के किन्हीं पाँच उपायों को लिखिए। (7)

**अथवा**

मादक द्रव्य किसे कहते हैं? मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले पाँच दुष्परिणामों को लिखिए।

**अथवा**

प्रश्न 10. जंग क्या होती है? जंग लगने के लिये आवश्यक कारण लिखिए तथा जंग लगने को किस प्रकार रोका जा सकता है? (7)

**अथवा**

धातु एवं अधातु में अन्तर स्पष्ट कीजिए।



प्रश्न 11. वोल्टीय सेल का नामंकित चित्र बनाइए एवं उसकी कार्य विधि लिखिए। (7)

**अथवा**

आपको दी गई छड़ चुम्बक है या नहीं इनकी पहचान कैसे करेंगे? किन्हीं 2 चुम्बकीय पदार्थों के नाम लिखिए।

प्रश्न 12. मानव नेत्र का नामांकित चित्र बनाइए। नेत्र की समंजन क्षमता से क्या समझते हैं? (7)

**अथवा**

प्रकाश के अपवर्तन को परिभाषित करिए। जब प्रकाश किरण हवा से कांच में प्रवेश करती है तो इसमें प्रकाश के अपवर्तन की घटना का नामांकित चित्र बनाइए।

---